अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की
राष्ट्रीय स्थायी समिति की तृतीय बैठक का कार्यवृत

२१ मई २०२५, (बुधवार), केंद्रीय कार्यालय सभागार, कोलकाता

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की तृतीय बैठक २१ मई २०२५ बुधवार को कोलकाता स्थित केंद्रीय कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे।

श्री शिव कुमार लोहिया	श्री कैलाशपति तोदी	श्री दिनेश जैन	श्री संजय गोयनका
श्री पवन कुमार जालान	श्री केदारनाथ गुप्ता	श्री नंदकिशोर अग्रवाल	श्री आत्माराम सोंथलिया
श्री पवन बसंल	श्री गोपाल अग्रवाल	श्री संदीप सेक्सरिया	श्री सज्जन बेरिवाल
श्री पंकज कुमार	श्री पवन जैन	श्री रवि लोहिया	श्री अमित मुंधड़ा
श्री नंदलाल सिंघानिया	श्री राजेश ककरानियाँ		

निम्नलिखित ने अनुपस्थिति की सूचना दीः

श्री इंद्र चंद महेरीवाल	डॉ. हरि प्रसाद कानोड़िया		

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों के विषय में सभा को अवगत कराया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने कहा कि वर्तमान सत्र में अभी तक ४००० से अधिक नए सदस्य बन चुके हैं और लगभग ५५ नई शाखाएं भी खुली हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में मध्य प्रदेश प्रांत के इंदौर शहर में, जो कि देश की सबसे स्वच्छ शहर है, में भी एक शाखा खोला गया है। इस सिलसिले में उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्षों के साथ उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों का भ्रमण कर संगठन विस्तार के लिए वहां के स्थानीय समाज से मिलकर चर्चाएं की हैं। उन्होंने आशा प्रकट की, इसका सुफल जल्दी ही मिलेगा। उन्होंने बताया कि संस्कार-संस्कृति-चेतना कार्यक्रम विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आगामी रविवार २५ मई को कोलकाता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के विषय में विवरण दिया जिसमें विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्ज्वल पाटनी को सम्मेलन ने आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. पाटनी व्यापार एवं घरों में किस तरह से पुरानी मान्यताओं के साथ नई परिस्थितियों का समन्वय बैठाया जाए, उस विषय पर अपना सारगर्भित प्रस्तुति रखेंगे।

बैठक में वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोंथालिया, राजनीतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन श्री नंदलाल सिंघानिया, रोजगार उपसमिति के चेयरमैन श्री दिनेश जैन, भवन निर्माण उपसमिति के संयोजक श्री पवन जालान, संबद्ध संस्थाओं के संयोजक श्री राजेश ककरानियाँ आदि ने अपने उप समितियों के गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने सम्मेलन की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र की यह अंतिम स्थायी समिति की बैठक है। उनकी कोई भी त्रुटि जाने अनजाने में हुई हो, उसके लिए उन्होंने खेद प्रकट किया।

बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता ने सम्मेलन की वित्तीय गतिविधियों के विषय में जानकारी दी।

बैठक में पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल ने प्रांतीय सम्मेलन की गतिविधियों के विषय में जानकारी दी।

राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री संजय गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बैठक में श्री पवन बंसल, श्री संदीप सेक्सरिया, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री पवन जैन, श्री सज्जन बेरीवाल, श्री पंकज कुमार भालोटिया, श्री रवि लोहिया, श्री अमित मुंधड़ा आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष **राष्ट्रीय महामंत्री**